महत्वपूर्ण एवं खास

नक्सलियों ने मोबाईल टॉवर जलाने का प्रयास किया, फेंके पर्चे

कांकेर (आरएनएस)। कांकेर जिले के दुर्गकोंदल थाना क्षेत्र में नक्सलियों ने एक मोबाईल टॉवर को आग लगाकर जलाने का प्रयास किया। मिली जानकारी के अनुसार बीएसएफ कैम्प से कुछ किलोमीटर की दुरी पर जिओ कंपनी का मोबाईल टॉवर लगाया जा रहा है। बीती रात नक्सलियों ने इस टॉवर को आग लगाकर जलाने का प्रयास किया।

ज्ञात हो कि बस्तर संभाग में मोबाईल सेवा का विस्तार करने के लिए जिओ कंपनी के टॉवर लगाये जा रहे है।

अजीत जोगी की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में कराया गया भर्ती

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जकांछ के संस्थापक अजीत जोगी की तबीयत अचानक खराब हो गई। उनको एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जनता कांग्रेस के प्रवक्ता सुब्रत डे ने बताया कि अजीत जोगी की अचानक तबीयत बिगड़ गई है। पिछले कुछ दिनों से उन्हें सर्दी-खांसी और बुखार की शिकायत है। श्री जोगी को उपचार के लिए रामकृष्ण अस्पताल ले जाया गया है, जहां डाक्टर द्वारा श्री जोगी को हल्के निमोनिया का लक्षण होने की संभावना जतायी है। हालांकि जांच के बाद ही इसका पता चल पायेगा। फिलहाल डाक्टर ने श्री जोगी को एक-दो दिन अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी है। डाक्टर की सलाह मानते हुए श्री जोगी भी अस्पताल में भर्ती हो गये है। हालांकि जांच रिपोर्ट आने के बाद या तबीयत में कुछ सुधार होने के बाद श्री जोगी अपना इलाज कराने दिल्ली भी जा सकते है।

आग से जलने से महिला की मौत, कारण अज्ञात,जांच मे जुटी पुलिस

जांजगीर चांपा (आरएनएस)। शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के नगारीडीह गांव मे 35 वर्षीय महिला ने अपने उपर मिटटी तेल डालकर अपने आप को आग के हवाले कर दी है। आग से पुरी शरीर जलने से महिला की मौत हो गई। खबर की जानकारी जब गांव के लोगो को हुई तो लोगो मे सनसनी फैल गई। महिला के मौत के कारणो का पता नही चल पाया है । फिलहाल गांव के लोग शिवरीनारायण थाना को घटना की सूचना दे दी गई। मौके पर पहुंचकर पुलिस घर के लोगो से पुछताछ कर रही है। शिवरीनारायण पुलिस के अनुसार घटना की सूचना मृतक के पति ने थाना आ कर दी है। फिलहाल पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना के बारे में परिजनों पूछताछ कर रही है।

कोर्ट ने भी यात्रा नही रोकी, जारी रहेगी यात्रा : डॉ. रमन सिंह

कांकेर (आरएनएस)। चारामा की आमसभा में विशाल भीड़ को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा हम न्याय प्रणाली का सम्मान करते है, विकास की यात्रा को जारी रखने के लिए कोर्ट ने भी हरी झण्डी दिया। यह बात उन्होंने विकास यात्रा रोकने के लिए कांग्रेस द्वारा कोर्ट का दरवाजा खटखटायें जाने के संदर्भ में कही साथ ही उन्होंने कहा कि विकास में अवरोध डालने कांग्रेसी

किसी भी नीचे स्तर तक जा सकते है। सीडी बनाकर चरित्र हत्या जैसे ओछी हरकत भी करने से कांग्रेसी बाज नही आते। डॉ रमन ने कहा कि अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे इसलिए पं.दीनदयाल जी के अन्त्योदय के सपने को साकार करने के उद्देश्यों को हासिल करती छत्तीसगढ़ सरकार की यह यात्रा धन्यवाद यात्रा है, आपके चयन के चलते हमें 15 वर्ष तक काम करने का मौका मिला और आपके विश्वास को हमने विकास में तब्दील किया। सौगातों की बौछार के साथ डॉ. रमन ने चारामा की जनता के हाथों किए गए स्वागत के लिए आभार व्यक्त करते हुए आगे के 15 वर्षो के लिए आशीर्वाद मांगा।

दो बार आश्वासन पर किया हड़ताल खत्म, अब तो संविलियन करो सरकार...

रायपुर (आरएनएस)। संविलियन के मुद्दे पर अडिग प्रदेश के लाखों शिक्षाकर्मियों को संविलियन होने की उम्मीद बनी हुई है। दूसरी ओर शिक्षाकर्मी नेता ने कहा कि हम सकारात्मक निर्णय की उम्मीद में हैं, सरकार के आश्वासन को ही मानते हुए हमने दो बार शून्य पर अपनी हड़ताल वापस ली थी।

सूत्रों की माने तो शिक्षाकर्मी मोर्चा के प्रांतीय संचालक ने यहां तक कह दिया है कि हम प्रदेश भर में 1 लाख 80 हजार शिक्षाकर्मी राज्य सरकार से सकारात्मक निर्णय चाहते हैं। राज्य सरकार के आश्वासन पर ही साल 2012 और 2017 में शून्य पर अपना आंदोलन स्थगित करते हुए हड़ताल समाप्त किया था। शिक्षाकर्मी संविलियन के मुद्दे पर सरकार के निर्णय को मूर्तरूप में देखना चाहता है, ताकि शिक्षाकर्मी अपने मूल कामों पर अपना ध्यान केन्द्रित कर सके। शिक्षाकर्मी नेता के इस बयान के बाद जहां शिक्षाकर्मियों में अब संविलियन की आश जगी है तो वहीं राज्य सरकार ने अब तक इस मुद्दे पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। दूसरी ओर शिक्षाकर्मी राज्य के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में संकल्प सभा का आयोजन कर रहे हैं।

नागपुर मंडल में निर्माण कार्य से आधा दर्जन ट्रेनें होंगी प्रभावित

रायपुर (आरएनएस)। नागपुर रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले बाकल रेलवे स्टेशन में 26 और 27 मई को निर्माण कार्य के चलते मंडल से गुजरने वाली आधा दर्जन ट्रेनें प्रभावित होंगी।

रेलवे सूत्रों ने बताया कि निर्माण कार्य के चलते 26 और 27 मई को रायपुर-डोंरगढ़ मेमू रद्द रहेगी। वहीं 27 और 28 मई को डोंरगढ़ से रायपुर आने वाली मेमू रद्द रहेगी।

30 मई को रायपुर-डोंरगढ़ मेमू, डोंरगढ़-बिलासपुर मेमू, डोंरगढ़ से रायपुर के मध्य रद्द रहेगी।

रायपुर स्मार्ट सिटी ने नो प्लास्टिक अभियान में बढ़ाया एक और कदम

रायपुर (आरएनएस)। नगर निगम आयुक्त एवं स्मार्ट सिटी लि. के एम डी रजत बंसल के निर्देश पर प्लास्टिक के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत नगर निगम रायपुर के सभागृह में 12 महिला स्व सहायता समूहों को कपड़े के थैले बनाने का प्रषिक्षण दिया गया। प्रषिक्षण प्राप्त करने आई महिलाओं ने विभिन्न साइजों में वेस्ट कपड़े के थैले बनाना सीखा साथ ही वेस्ट कपड़ों से, जूट के बोरों से भी थैले बनाने का प्रषिक्षण प्राप्त किया। महिलाओं के परिश्रम व उनके जज्बे के कारण नो प्लास्टिक के इस अभियान को निरंतर सफलता मिल रही है। रजत बंसल के निर्देश पर प्लास्टिक का विकल्प कपड़े की थैलियों को ज्यादा से ज्यादा मात्रा में उपल्ब्ध कराने के लिये आमापारा सब्जी बाजार में सखी सहेली स्व सहायता समूह ने एक और दुकान की शुरूआत की और पहले ही दिन साठ थैलों की बिक्री की, आज ही उन्हे 200 थैलों के आर्डर भी मिले ।

ज्येष्ठ की तपती धूप में पारा 43 डिग्री पर, सूखने लगे नदी नहर और नाले

रायपुर (आरएनएस) छत्तीसगढ़ में पड़ रही भीषण गर्मी से एक ओर जहां प्रदेश लोग हलाकान है, वहीं दूसरी ओर नदी, जलाशयों व कुओं का जल स्तर भी गिरने लगा है, जो किसानों की परेशानी का एक सबब भी बना हुआ है। ज्येष्ठ की भीषण गर्मी में पारा 43 डिग्री पहुंचते ही जल स्त्रोत घटने के कारण नदी नाले नहर और कुओं सूखने से ग्रामीणों की हालत बेहद खराब है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार मानसून समय पर नहीं आया तो इस बार ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में हालात गंभीर हो जाएंगे।

गौरतलब हो कि पिछले दो वर्षों में छत्तीसगढ़ में औसत से काफी कम बारिश होने से प्रदेश के कई जिलों में सूखा के हालात थे। जिससे किसानों की जमीनों में फसल की जगह दरारे पड़ी रही। सूखा पड़ने के कारण प्रदेश में कई किसानों के सामने भयंकर आर्थिक संकट आ खड़ा हुआ जिसके चलते कुछ किसानों द्वारा आत्महत्या करने की घटनाएं भी सामने आयी। हालांकि दूसरी ओर सूखा प्रभावित किसानों को केन्द्र सरकार की मदद से राज्य सरकार द्वारा राहत पहुंचाते हुए मुआवजा राशि दिलायी गई। लेकिन इनमें कई प्रभावित किसानों को अब तक यह मुआवजा राशि नहीं मिल पायी है, जिसके चलते किसानों की परेशानी बनी हुई है।

बिना अनुमति पेड़ काटने पर 14.25 लाख रुपए का जुर्माना

कोरबा (आरएनएस)। साउथ ईस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड पर एसईसीएल को मानिकपुर कोयला खदान विस्तार के लिए बिना अनुमति 57 पेड़ काटे जाने के मामले में कलेक्टर कोर्ट से तगड़ा झटका लगा है। मानिकपुर में खदान के अंदर वाहन ले जाने के लिए कंपनी द्वारा पेड़ों की कटाई करवाई गई थी।

इसकी शिकायत में एसईसीएल को ठेकेदार से पैसे लेकर जमा कराने का निर्देश कलेक्टर कोर्ट द्वारा दिया गया है। इससे पहले एसईसीएल पर एसडीएम ने 14.25 लाख रुपए का जुर्माना लगाया था जिसके खिलाफ एसईसीएल ने कलेक्टर कोर्ट में अपील दायर की थी।

CAREER SCHOOL
HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षो से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN
ENGLISH MEDIUM
For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931